बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत अभियंत्रण महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित वि॰सं॰– 18/2014 (इलेक्ट्रोनिक्स एवं कम्प्यूनिकेशन), वि॰सं॰– 19/2014 (विद्युत अभियंत्रण/प्रौद्योगिकी), वि॰सं॰– 20/2014 (असैनिक अभियंत्रण/टेक्नोलॉजी), वि॰सं॰– 21/2014 (इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रोनिक्स अभियंत्रण/टेक्नोलॉजी) एवं वि॰सं॰– 23/2014 (कम्प्यूटर इंजीनियरिंग/कम्प्यूटर साईंस) के उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि इन विज्ञापनों के तहत लिखित परीक्षा के लिए प्रारम्भिक रूप से अर्हित (eligible), औपबंधिक रूप से अर्हित (Provisionally eligible) तथा अनर्हित (Ineligible) उम्मीदवारों की सूची (विलम्ब से प्राप्त आवेदनों की सूची सहित) आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित कर दिया गया है। वि॰सं॰– 22/2014 (यांत्रिक अभियंत्रण/ टेक्नोलॉजी) के उम्मीदवारों के सम्बन्ध में सूचना अलग से दी जा जाएगी। यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रारम्भिक/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों की अंतिम अर्हता के सम्बन्ध में विभिन्न अर्हता/शर्तों की पूर्ण समीक्षा के बाद अंतिम निर्णय आयोग द्वारा यथासम्भव लिया जायेगा। अर्हित/ औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि के एक सप्ताह पूर्व से उक्त वेबसाईट पर प्रकाशित किए जाएँगे। अनर्हित उम्मीदवारों को अलग से अस्वीकृति पत्र नहीं भेजे जाएँगे। सूची में अनर्हित उम्मीदवार को कोई आपत्ति हो, तो अपनी उम्मीदवारी के सम्बन्ध में विज्ञापन में निर्धारित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक – 23.09.2014 तक निर्गत शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ अपना अभ्यावेदन अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से सिर्फ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 03.11.2015 तक दे सकते हैं। उसके बाद प्राप्त होने वाले अभ्यावेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। लिखित परीक्षा हेतु कार्यक्रम अलग से शीघ्र प्रकाशित किए जाएँगे।

15/10/2015

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना